**हेरिटेज निगम की अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई, 22 ट्रक सामान किया जब्त,45 हजार का किया चालान**

बड़ी चौपड़ पर हुई राह आसान, पहली बार चौपड़ के खंदे को निगम हेरिटेज ने किया अतिक्रमण मुक्त, माइक से की मुनादी, दोबारा अतिक्रमण किया तो होगी सख्त कार्रवाई

उपायुक्त सतर्कता पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने संभाली कमान, 50 से अधिक स्थानों पर की गई कार्रवाई

जयपुर। हेरिटेज निगम की सतर्कता शाखा ने सोमवार को अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 22 ट्रक सामान जब्त किया है, साथ ही 45 हजार रुपए का परिवहन शुल्क भी जमा किया है। इस बार हेरिटेज निगम की सतर्कता शाखा ने पहली बार बड़ी चौपड़ स्थित खंडे से भी अस्थाई अतिक्रमण को हटा दिया, जिससे बड़ी चौपड़ की राह आसान हो गई। इस संबंध में हेरिटेज निगम के उपायुक्त सतर्कता पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि हेरिटेज निगम क्षेत्र में लगातार अस्थाई अतिक्रमण की शिकायतें मिल रही थी। ऐसे में हेरिटेज निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल के निर्देश पर सतर्कता शाखा ने बड़ी चौपड़, हवामहल बाजार, सहदेव मार्ग, वानिकी पथ, सचिवालय, हाईकोर्ट, त्रिपोलिया बाजार, चांदपोल, जौहरी बाजार, चौड़ा रास्ता, छोटी चौपड़, चांदपोल, सूरजपोल, गलता गेट, दिल्ली बाईपास रोड, बास बदनपुरा, आदर्श नगर तक कुल 50 स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण को हटा दिया। इस दौरान 22 ट्रक सामान जब्त किया गया है। साथ ही 45 हजार रुपए का परिवहन शुल्क भी जमा किया गया है।

बड़ी चौपड़ स्थित खंडे से हटाया अतिक्रमण, आवागमन की राह हुई आसान

उपायुक्त सतर्कता पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि इस दौरान बड़ी चौपड़ स्थित खंडे से भी अस्थाई अतिक्रमण को हटवाया है। यहां पर अतिक्रमण काफी समय से हो रहा था। जिसकी लगातार शिकायतें मिल रही थी, साथ ही वाहनों में और राहगीरों को भी आने जाने में समस्या हो रही थी। इस पर अभियान चला कर सभी को हटाया गया है। इसके अलावा क्षेत्र में मुनादी भी कराई गई है, कि भविष्य में दुबारा अतिक्रमण किया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी और भारी चालान वसूला जाएगा। इसके अलावा परकोटे में सड़क और बरामदे पर अस्थाई अतिक्रमण नहीं हो, इसके लिए खास योजना बनाई जा रही है। लगातार निगरानी भी रखी जाएगी।




SALE
50-





संता बंता फास्ट फूड
आलू टिकीया
स्पेशल छोले
SNEH HYDRATECH ENGINEERING SOLUTIONS
हैरिटेज
स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
सर्वेक्षण


IVESH
राजवंश
SALE
यूनियन बैंक
Union Bank
गणपतलाल मालीराम
बादाम शेक
फास्ट फूड
RJ60S Z8545